


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-36 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 14 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## होली पर राजधानी में ड्रोन से होगी निगरानी

### भोपाल में 3 हजार से अधिक पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात



भोपाल (ए.)। भारत की जीत के बाद इंदौर के महू जश्न मनाने के दौरान हुई हिंसा को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। होली के त्योहार को लेकर भोपाल सहित प्रदेश भर में पुलिस ने अपनी तैयारियों शुरू कर दी हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। भोपाल में 3 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई होगी। बिना अनुमति डीजे बजाने वालों के साउण्ड सिस्टम जब्त होंगे।

पुलिस ने होली के जुलूस और जुमे की नमाज के समय को मैनेज करने की भी खास रणनीति बनाई है। कई जगहों पर होली में निकलने वाले जुलूस का रूट भी पुलिस ने बदला है। अवैध शराब नहीं बिकने दी जाएगी। उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

**45 अति संवेदनशील पाइंट्स चिन्हित**

भोपाल शहर में पुलिस ने 45 अति संवेदनशील पाइंट्स चिन्हित हैं। कुल साढ़े तीन हजार पुलिस जवान शहर की सडक़ों पर अगले 48 घंटो तक तैनात रहेंगे। सभी थाना क्षेत्रों में पांच-पांच अतिरिक्त मोबाइल वैन चलाई जाएंगी, जो लगातार क्षेत्र में गश्त करती रहेंगी। दो सप्ताह से लगातार क्षेत्रों में नगर सुरक्षा समिति के जिम्मेदारों के साथ मीटिंग की जा रही है। यह लोग अपने-अपने इलाकों में कानून व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करेंगे।

### पंजाब में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ध्यान दें, मोहाली में एक हफ्ते में कट गए डेढ़ करोड़ के चालान

मोहाली (आरएनएस)। अगर आप वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं तो समझ लीजिए आपकी जेब हल्की होने वाली है। इसलिए जेब हल्की करवाने से पहले ही यातायात नियमों का पालन शुरू कर दीजिए। रेड लाइट जंप करना, सीट बेल्ट न बांधना, हेलमेट न पहनना जैसी आदतें आपको छोड़नी होंगी। मोहाली में लोगों ने इन आदतों को नहीं छोड़ा और ट्रैफिक पुलिस ने एक हफ्ते में ही डेढ़ करोड़ के चालान काट दिए। हेलमेट न पहनने वाली महिलाओं के चालान भी काटे गए हैं।मोहाली शहर में सरकार ने चंडीगढ़ की तरह सड़क हादसों पर ब्रेक लगाने और अपराधियों से निपटने के लिए सिटी सर्विलांस और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया है।

## दर्दनाक हादसा : रॉन्ग साइड से आ रहे गैस टैंकर ने दो वाहनों को मारी टक्कर, सात लोगों की मौत



भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में करीब सात लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी अमित कुशवाह ने बताया कि गैस टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को भी टक्कर मार दी। टैंकर उज्जैन की ओर जा रहा था, जबकि बाकी वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे।अधिकारी ने बताया कि यह घटना रात करीब 11 बजे हुई। उन्होंने बताया कि चार लोग मौके पर ही मारे गए, जबकि बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें बदनावर सिविल अस्पताल भेजा गया। मृतकों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पाई क्योंकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और कहा जा रहा है कि उसकी मौत हो गई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया और तीनों की हालत गंभीर है। हालांकि, उन्होंने और जानकारी देने से मना कर दिया, क्योंकि पुलिस टीम वाहनों से घायलों को निकालने और अस्पताल पहुंचाने में लगी थी। अन्य पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार और पिकअप के मलबे में फंसे दो लोगों को बाद में क्रेन की मदद से निकाला गया। उन्होंने यह भी बताया कि टैंकर चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से उज्जैन होते हुए मंदसौर लौट रहे थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों और मृतकों के शवों को बदनावर सिविल अस्पताल भेजा। सुबह उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।दुर्घटना इतनी भयावह थी कि पिकअप टैंकर के नीचे फंस गई, जिससे पुलिस के लिए तुरंत पहचान करना मुश्किल हो गया।

### होली की शुभकामनाएं



दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से सभी पाठकों को रंगों का त्यौहार होली की शुभकामनाएं
संपादक

**अवकाश की सूचना**

दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में होली के अवसर पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 16 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।
व्यवस्थापक

## विचित्र विनोद के होली विशेषांक के साभार से

### भारत के भाग्य निर्माताओं पर पिचकारी की धार

नाप-तौल के चल रहे, चतुरंग की हर चाल।
संघ मेल होता नहीं, गठबंधन करे बदहाल।।
फिर भी डटे हुए हर हाल।।

**सर्वश्री द्रौपदी मुर्मू**
मातृत्याग और साहस से, हुआ राष्ट्र निर्माण।
धाम के दर पर कहो, केवल विवाह नहीं कल्याण।।
आप नारीवाद का बने प्रमाण।।

**नरेन्द्र मोदी**
विश्व गुरु कैसे बने, जब दावों में ही खोट।
आर्थिक संकट आ रहा, लोग किसकी लेंगे ओट।।
सहस्त्र आशाओं को लगती चोट।।




**जगदीप धनखड़**
जनतंत्र का पाठ करें, पर भूले विधि का सार।
संविधान आदर्शों पर, क्यों निज विचार की मार।।
संस्थाए लोकतंत्र का आधार।।

**ओम बिरला**
वित्त-वाद की अमराई में, सींचे पसंद के वृक्ष।
खट्टे प्रश्न-फल फिंक गए, मीठे रखे संग।।
खुशामद करे नैतिकता भंग।।

**राहुल गांधी**
बिसात आगे बढ़ा रहे, फूंक के रखे कदम।
देख-परख समझौते हो, कहीं रच न जाये प्रपंच।।
समय का होता अपना दम।।

**राजनाथ सिंह**
समीकरण सब बदल रहे, शत्रु नापे भुजबल।
भर ज़खीरा, अभ्यास कर, तेजस का निकालो हल।।
शत्रु घुस रहे हैं हर पल।।

**ज्ञानेश कुमार**
परिवर्तन के परिणाम है, मान बड़े हर पल।
सींचा कश्मीर, राम को, तो पद मिला प्रतिफल।।
सृजन हो निष्पक्ष स्वर्णिम कल।।

**अमित शाह**
नाप-तौल के चल रहे, चतुरंग की हर चाल।
संघ मेल होता नहीं, गठबंधन करे बदहाल।।
फिर भी डटे हुए हर हाल।।






होली की तैयारी के लिए बिकने आई होलिका और रंग गुलाल

## नर्मदापुरम सेवा में सक्रियों पर क्षितिज किरण की रंगीन ब्यौछार

**सर्वश्री दर्शन सिंह चौधरी**
कृषकों के मीत ये, उनका हो कल्याण।
आठो पहर उसी का, रखते हैं ये ध्यान।।

**माया नारोलिया**
धीरे-धीरे आप बनी, नारी शक्ति पहचान।
जब चली दो साथ थे, आज चढ़ी सोपान।।
रंगों की रंगी हुई पहचान।

**राधा सुधीर पटेल**
बदल पार्टी आ गई, इनके खुल गये भाग्य।
वहाँ बहुत मान था, यहाँ खा रहीं पान।।
गुलाल उड़ा रही मनमान।।

**डॉ. सीतासरन शर्मा**
लिए सादगी साथ में, अधरों पर मुस्कान।
जन-जन का मन मोह, पाते सबसे मान।।
बात खरी, रंगों की पहचान।।

**प्रेमशंकर वर्मा**
जन प्रतिनिधि कर्तव्य, बने जनता की आवाज।
राजनीति में तभी, बजता है साज।।
निगाहे लगाये हुए है नाज।।

**विजयपाल सिंह**
मोदी जी नीति, जीत गये हो आप।
गोली कान से निकली, वरना करते जाप।।
होली पे है अपनों का श्राप।।

**ठाकुर दास नागवंशी**
सीधी-सीधी चाल से, चलते जाना चाल।
घोड़े हाथी पैदल से, दे दो हाथ में भाल।।
होली पे रंग बिरंगा शाल।।

**पं. भवानी शंकर शर्मा**
डील-डोल तो आपका, घर में रहा अलग।
विचार आपके ओजस्वी, सबसे रहे अलग।।
रंगीले पत्रों से जगाये अलख।।

**गिरिजा शंकर शर्मा**
सच्ची सच्ची बात से, बढ़े मान सम्मान।
इसलिए तो आपको, मिला विचित्र सम्मान।।
राजनीति में डाल रहे हैं जान।।

**नीतू महेंद्र यादव**
राजनीति तो वो करें, पर बतलाती चाल।
चालाकी करती नहीं, सबका रखती ख्याल।।
होली पे रख्खें रंग पानी ख्याल।।

**अभय वर्मा**
जहाँ रहें वहाँ उपाध्यक्ष, पर अध्यक्षी काम।
मीठी बोली से आपको, खूब मिले सम्मान।।
खूब रंगों की पहचान।।

**भूपेंद्र चौकसे**
जनपद को ऐसा किया, बना दिया अव्वल।
बात नीति व्यवहार, इनका सबसे अलग।।
इनके प्यारे रंग अलग।।

**बलराम शर्मा**
पत्रकारिता की आपने, खूब बढ़ाई शान।
कहने से डरते नहीं, उसी से मिलता मान।।
बढ़ायेगी शहनाई सम्मान।

**पं. गिरिमोहन गुरु**
ज्ञान आपका सदा से, रहा है अपरम्पार।
तभी माँ नर्मदा आपको, दिया नगरश्री सार।।
आपके चरणों रंगो की धार।।

**नित्यगोपाल कटारे**
माँ नर्मदा का गान, उनका ही गुणगान।
शब्दों का संतुलन,पूर्ण संस्कृत ज्ञान।।
आपको सब रंगों का भान।।

**के. जी. मिश्र**
साहित्य सदन में आपकी,
रही विलक्षण पहचान।
गुंजित हुआ इसी से नाम,
बलराम कृष्ण आपका करा।।
विचित्र सम्मान।।

**पंकज पटेरिया**
नर्मदा तट से जो गये, भूल भुलईयाँ भोपाल।
माँ नर्मदा से मिला, रंग रंगीला शाल।।
स्वास्थ्य का रख्खो ख्याल।।

**शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव**
जोड़ना जोड़कर चलना, सबसे जुड़े रहना।
रहा यही उद्देश्य, पर अब माँ से बिछड़न हुई।।
उनकी यादें हृदय में अमर हुई।

**गोपाल सिद्धवानी**
वक्त बे वक्त, जमाने की तामीरदारी।
जिसका तोहफा दिया, तुझे इस जमाने ने।।

**लोकेश तिवारी**
सियासत में निगाहे, करम उम्मीद रहती।
जहाँ थे वहाँ सबकी, निगाह तुम पर रहती।।

**एस.एस. ठाकुर**
जमाना गुजर गया, अदालती बस्तों को लादे।
दिल को सुकूं मिला, विचित्र सम्मान पा के।।

**लोकेश तिवारी**
सियासत में निगाहे, करम उम्मीद रहती।
जहाँ थे वहाँ सबकी, निगाह तुम पर रहती।।

**पीयूष शर्मा**
बड़ी उम्मीद बड़ी, आशायें दिल में लिए।
आयेगा वो दौर, राह पे चलके चलके।।

**शरीफ राइन**
रोजे रमजान सभी, त्यौहार मनाते हैं ये।
सबको गले लगा के , साथ लेके चलते।।

शेष पृष्ठ 8 पर

## विचित्र विनोद के होली विशेषांक के साभार से

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
शासन का एकल सत्य है, स्वीकारे कड़वे सत्य।
अंतरघात से नष्ट हो, संगठन में समत्व।।
वृद्ध सोच से ग्रसित है तत्व।।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
नृप जाने हाल सारे, जब भ्रमण करे घाट सारे।
ज्ञान, मोक्ष तो कर्म निर्भर, साधे फिर क्यों साधू सारे।।
तख्त उसका, जो जीते संग्राम सारे।।

**जे.पी. नड्डा**
कार्यकाल के अंत में, अवलोकन करता मन।
दक्खन, वनवासी में ढूंढ रहे, पार्टी की नयी उमंग।।
कैसे साधे जन और संघ।।

**भूपेन्द्र यादव**
उच्च पद की लालसा, संगठन का दम।
धीरे-धीरे साधते, सारे विकट प्रसंग।।
बन सकते हैं सबकी पसंद।।

**नितिन जयराम गडकरी**
उम्र तो अब हो रही, सपने से हैं दूर।
धन, वैभव सब गौण है, जो न हो इच्छा पूर्ण।।
क्या कर्म करे अभिभूत।।

**चिराग पासवान**
बिन माँगे मोती मिले, माँगे मिले न भीख।
अंतयुद्ध के काल में, कपट भी है सीख।।
टहलुआ जीते न ऐसी रीत।।

**शिवराज सिंह चौहान**
आँगन में खुशियाँ भरी, पर कृषक लगाये गुहार।
राज-तप में यूँ रमे, छोटे हो गए घर के द्वार।।
जननेता दूर न आये रास।।

**दुर्गादास उईके**
वनवासी की शान है, सद्भाव और संघर्ष।
छिन रही है मातृभूमि, क्या यही निष्ठा निष्कर्ष।।
न हो केवल विचार-विमर्श।।

**निर्मला सीतारमण**
सत्ता स्वार्थ में निर्णय करे, कहें उसे जीवनदान।
परोपकार और दंभ तो, तानाशाह की पहचान।।
गृहस्थ की हालत बहुत खराब।।

**प्रियंका गांधी**
उगती सूरज सी बढ़े, नाप रही है पथ।
तोड़ जोड़ से न बने, राजतंत्र का घर।।
विजय हो रण, तो दुनिया संग।।

**सुब्रमण्यम जयशंकर**
क्वाड विफल, ब्रिक्स पर कहर, कैसे बने अब साख।
शुल्क युद्ध की हांडी में, नहीं गल रही दाल।।
विरोधी चले चौतरफा चाल।।

**अखिलेश यादव**
राजनीति के कुम्भ में, बयानों से है स्नान।
विरोधी नित प्रहार करें, अपने लूटे आन।।
नियंत्रण की न होती बात।।

**पीयूष गोयल**
आधारहीन, विश्वासहीन, बना भारतीय बाजार।
धर्म से सत्ता चले, पर नहीं चलता घर बार।।
धनवान को शह और जनता को मात।।

**अरविन्द केजरीवाल**
एकल मुट्ठी जो बंधी, फिसली सत्ता की रेत।
छल की भी उम्र है, खुल जाते है भेद।।
विरोधी को सेंध का न है खेद।।

**धर्मेन्द्र प्रधान**
शिक्षा को निर्वस्त्र कर, मेहनत को किया नीलाम।
बाहुबल से खरीद लो, युवा का वर्षों का त्याग।।
अन्याय का ऐसा मंजर अस्वीकार।।

**दिग्विजय सिंह**
जानकार भी मौन है, ढूँढ़ते सुयोग।
दल को दरकिनार कर, निज हित में विभोर।।
विजय के संसाधन पर अधिभोग।।

**अश्विनी वैष्णव**
क्षमता की कसौटी पर, विफलता की परछाई।
जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई।।
सहचर बनो तो जानो कठिनाई।।



**चंद्रबाबू नायडू**
वेग से स्थापित हुए, शक्ति का है केन्द्र।
पक्ष में गुट को ढालते, दक्खन के कुंजेश।।
मिशन दक्षिण में है लबरेज।।

**विष्णु देव सहाय**
आय-व्यय की बात करें, हो रहा बंदर बाँट।
आशाओं की बही में, नेता कर्जदार।।
कैसे आएगा स्वर्णिम काल।।

**नीतीश कुमार**
सत्ता खड्ग हाथ में, फिर भी खिंचती खाल।
अग्निपथ है सामने, चले पुरानी चाल।।
चिराग और राजद बिगाड़े हाल।।

**भजनलाल शर्मा**
अपनी धुन सर्वस्वीकार हो, ऐसी नहीं प्रथा।
बैरी का तो राग है, आपको पर्ची रही चला।।
लिखो खुद एक विचित्र कथा।।

**रेखा गुप्ता**
काले बादल रंग दिए, केसरिया के रंग।
उम्मीदों का अम्बार है, कठिनाई के संग।।
राहत का बजे अब तो मृदंग।।

**योगी आदित्य नाथ**
महाकुम्भ की उष्मा, क्यों बन गयी लू।
देवपथ भीषण रण हुआ, किसकी है यह भूल।।
तंत्र में जन आहुति क्यों।।

**देवेन्द्र फड़नवीस**
नोंक-झोंक, रस्साकशी, बने है दिन के काम।
जनता भी निहारती, सत्ता का संग्राम।।
सरपंच लड़े तो हँसता ग्राम।।

**ममता बनर्जी**
घिर आये हैं मेघ काले, अब जाये किस ठौर।
गठबंधन की पतवार तोड़, जन तरंग पर गौर।।
छोट को टेक लगाए अब कौन।।














## छोड़ दो, तुम्हारे हाथ जोड़ता हूं, मैंने क्या किया, दे दूंगा 50 हजार ' मौत के पहले वाट्सएप्प पर दोस्तों को भेजा वीडियो

राजगढ़ (आरएनएस)। खिलचीपुर के समीप एक युवक का शव कार में मिला है। युवक ने मौत से पहले एक वीडियो बनाकर दोस्तों को भेजा था। जिसमें वह कुछ लोगों के नाम का जिक्र करते हुए जान की भीख मांग रहा है। हालांकि वीडियो में सिर्फ मृतक की आवाज आ रही है। इसके अलावा अन्य कोई न नजर आ रहा, न आवाज आ रही।

खिलचीपुर पुलिस के अनुसार छावनी व चांदपुरा गांव के बीच रामेश्वर प्रजापति (40 वर्ष) निवासी कछोटिया का शव मंगलवार रात को कार के अंदर मिला है। मौत के पहले रामेश्वर ने दोस्तों के वाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो भेजा था। इसमें वह दो-तीन लोगों के नाम लेकर जहर नहीं पिलाने की गुहार लगा रहा था। हालांकि वीडियो में सिर्फ उसी की आवाज सुनाई दे रही है। कोई नजर नहीं आ रहा। बताया जा रहा है कि मृतक ने मंगलवार रात करीब 8 बजे बाद एक वीडियो ग्रुप में भेजा।

# मंदिर को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष: जमकर चले लाठी-डंडे और फरसे, पुलिस से हुई झूमाझटकी, 9 घायल

मुरैना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मुरैना में मंदिर को लेकर दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें दोनों पक्षों के बीच लाठी, डंडे और फरसा चले, जिससे दोनों ही पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि, यह विवाद पुरानी रंजिश के चलते हुआ।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के दुर्गापुरी कॉलोनी का है। जहां सरकारी जमीन पर एक मंदिर बना हुआ है। जिसकी भूमि के कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट की घटना में करीब नौ से दस लोग घायल हुए हैं। जिसमें से कुछ की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। तो कुछ का मुरैना में ही इलाज किया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी, डंडों और फरसों से हमला कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल मुरैना भेजा। जहां अस्पताल परिसर में भी दोनों पक्षों के बीच फिर झड़प हो गई। इस दौरान पुलिस से भी झूमाझटकी हुई। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभाला। इस घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को ग्वालियर रेफर किया गया है।

## स्कूल में न बच्चे, न मिड-डे मील, लेकिन हाजिरी फुल, शराबी शिक्षक ने बढ़ाई मुसीबत

डिंडोरी (आरएनएस)। जिले के एक सरकारी स्कूल में एमडीएम प्रभारी निरीक्षण करने पहुंचे थे जहां अधिकारी को स्कूल के रजिस्टर में बच्चों की न सिर्फ फर्जी हाजिरी मिली बल्कि एक शिक्षक शराब के नशे में धुत भी मिला. जिसे देख एमडीएम प्रभारी भी चौक गए,दरअसल सारा मामला जिला मुख्यालय से महज चार किलोमीटर दूर मुड़की गांव के एकीकृत माध्यमिक शाला का है.

## महंगे शौक! मांगती थी डायमंड नेकलैस और जमीन, थाना इंचार्ज की मौत में बड़ा खुलासा




छतरपुर (आरएनएस)। छतरपुर जिले में 6 मार्च को कोतवाली थाना इंचार्ज ने गोली मार के सुसाइड कर लिया था. जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. आत्महत्या के 5 दिन बाद इस मामले में FIR दर्ज की गई है. जिसमें खुलासा हुआ है कि एक लड़की आशी राजा और उसके बॉयफ्रेंड सोनू ठाकुर टीआई अरविंद को ब्लैकमेल कर रहे थे. आरोप है कि यह लड़की डायमंड का नेकलेस और जमीन जैसी महंगी चीजों की मांग कर रही थी. जब अरविंद ने उनकी मांगें पूरी नहीं कीं, तो उन्हें बेनकाब करने की धमकी दी गई. इससे परेशान होकर उन्होंने खुदकुशी कर ली. इस मामले में बुधवार को ओरछा थाने में आशी राजा और सोनू ठाकुर के खिलाफ FIR दर्ज की गई. पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया और एक दिन की रिमांड मंजूर हुई. अब पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है.

## सनकी पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया प्राणघातक हमला, हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

मैहर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र के नौसा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. घटना दोपहर के समय बंद कमरे में हुई. इसका खुलासा शाम को हुआ, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और ताला थाना प्रभारी आदित्य सेन मौके पर पहुंचे और तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी.

**-पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया**

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. बताया गया कि मृतिका कलावती यादव और उसके पति शारदा यादव का घरेलू विवाद किसी बात को लेकर चल रहा था. इसी दौरान पति शारदा यादव अपना आपा खो बैठा और उसने पास मे रखी कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर मार दिया. कई वार किए, जिससे महिला की मौत हो गई. बहरहाल पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की गहराई से जांच कर रही है, और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है. वहीं, घटना स्थल के आस-पास के घरों में गांव में सनाका खिंचा हुआ है.

# खून की होली : दंपति खेत में काट रहे थे चने की फसल, फिर हुआ कुछ ऐसा कि सनकी पति ने पत्नी को सुला दी मौत की नींद

नरसिंहपुर (आरएनएस)। जिले से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. जहां खेत में पति-पत्नी चने की फसल काट रहे थे. जिसके बाद सनकी ने बीवी को मौत की नींद सुलाई दी. इस मामले में पुलिस कातिल पति को गिरफ्तार कर लिया है.

यह घटना स्टेशन गंज थाना क्षेत्र के इमझिरी गांव की है. गुरुवार को अशोक उईके पत्नी दुर्गा उईके के साथ खेत पर चने के फसल काट रहा था. इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. फिर क्या था, गुस्साए पति ने भरमार बंदूक से पत्नी पर हमला कर दिया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया. इधर, पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे धर दबोचा है. वहीं इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है. फिलहाल, पुलिस इस मामले में आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है.




## दिनदहाड़े सड़क पर खून की होली! बदमाशों ने युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से किए वार, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

सीहोर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में इन दिनों दबंगों की दबंगई देखने को मिल रही है। जिन्हें न पुलिस का खौफ है और न किसी बात का डर। इसी का एक उदाहरण एमपी के सीहोर में देखने को मिला। जहां दिनदहाड़े बदमाशों ने एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# युवती की सगाई तुड़वाने के लिए दो युवकों ने रचा गंदा खेल, पुलिस ने किया गिरफ्तार



रतलाम (आरएनएस)। रतलाम के नामली थाना क्षेत्र में एक युवती की सगाई तुड़वाने के लिए इंस्टाग्राम पर युवती के मंगेतर को आपत्तिजनक मैसेज भेजने का मामला सामने आया है. युवती की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. एसपी रतलाम अमित कुमार ने बताया कि ग्राम बांगरोद निवासी शख्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति उसकी लड़की की सगाई तुड़वाने और बदनाम करने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम पर युवती के मंगेतर को आपत्तिजनक मैसेज भेज रहा है. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया.

एसपी अमित कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए. एएसपी राकेश खाखा एवं एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नामली पीआर डावरे और साइबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम आईडी धारक का नाम और पते की जानकारी ढूंढी.

**दो युवकों ने बनाया इंस्टाग्राम अकाउंट**

इंस्टाग्राम पर अकाउंट साकिर उर्फ गोलू निवासी ग्राम बांगरोद के नाम से मिला. पुलिस ने फौरन आरोपी साकिर को पकड़ लिया और पूछताछ की. उसने बताया कि बांगरोद गांव के रहने वाले अजय उर्फ अज्जू की मदद से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती के मंगेतर को इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजे. उनकी मंशा युवती को बदनाम कर सगाई तुड़वाने की मंशा थी.

## व्यापार समाचार

## यामाहा पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लॉन्च



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाजार में इंडिया यामाहा मोटर ने अपनी पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लॉन्च कर दी है। बाइक के इंजन में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसमें 149 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो अब ओबीडी-2बी नॉर्म्स के अनुरूप है।

इसके अलावा, यामाहा ने इसमें स्मार्ट मोटर जनरेटर (एसएमजी) और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम (एसएसएस) जोड़ा है, जिससे बाइक की फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ेगी और स्मूथ स्टार्टिंग का अनुभव मिलेगा। यह सिस्टम ट्रैफिक में स्टॉप के दौरान इंजन को ऑटोमैटिक बंद कर देता है और क्लच दबाते ही तुरंत स्टार्ट हो जाता है। बाइक के डिजाइन को भी अपडेट किया गया है। टैंक कवर को और शार्प बनाया गया है, जिससे यह अधिक स्पोर्टी और स्कल्प्टेड लुक देता है।

# होली से पहले हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 74,000 स्तर से ऊपर



मुंबई ,(ए.) मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में फाइनेंशियल सर्विस और पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.31 बजे, सेंसेक्स 61.17 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 74,090.93 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 2.15 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 22,472.65 पर था।

निफ्टी बैंक 113.10 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 48,169.75 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 49.80 अंक या 0.10 प्रतिशत की गिरावट के बाद 48,436.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62.90 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के बाद 14,981.45 पर था।

बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, भारतीय इक्विटी बाजारों के सपाट या थोड़े तेजी के साथ खुलने की उम्मीद थी, जैसा कि गिफ्ट निफ्टी से संकेत मिलता है, जो शुरुआती कारोबार में 22,570 के आसपास कारोबार कर रहा था। चॉइस ब्रोकिंग के हार्दिक मटालिया ने कहा, इससे वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू ट्रिगर्स की गैर मौजूदगी से प्रभावित सतर्क मार्केट सेंटीमेंट का पता चलता है। निवेशक बाजार की दिशा का पता लगाने के लिए ग्लोबल ट्रेंड्स, कच्चे तेल की कीमतों और संस्थागत प्रवाह पर बारीकी से नजर रखेंगे।

## आम जनता को बड़ी राहत, 7 महीने के निचले स्तर पर आई खुदरा महंगाई



नई दिल्ली (ए.)। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर फरवरी में सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर रही है, जो कि जनवरी के आंकड़े से 0.65 प्रतिशत कम है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमत में कमी आना है। देश में जुलाई 2024 के बाद खुदरा महंगाई का यह सबसे निचला स्तर है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि फरवरी में खाद्य महंगाई दर मई 2023 के बाद सबसे निचले स्तरों पर आ गई है और जनवरी के मुकाबले इसमें 2.22 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। मुख्य महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में फरवरी में आई गिरावट की वजह सब्जियों, अड्डों, मीट और मछ्ली, दालों और दुग्ध उत्पादों की कीमतों में कमी आना है।

## भारत के इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन की वृद्धि दर जनवरी में 5 प्रतिशत रही



नई दिल्ली (ए.)। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित भारत की औद्योगिक वृद्धि दर जनवरी में 5 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो कि दिसंबर में 3.2 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से प्राप्त हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, जो देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां प्रदान करता है, ने जनवरी में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह पिछले साल की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था।

जनवरी 2024 में 6 प्रतिशत की तुलना में महीने के दौरान खनन उत्पादन में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और महीने के दौरान बिजली उत्पादन में केवल 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के 23 उद्योग समूहों में से 19 ने जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। जनवरी 2025 में शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ता में बेसिक मेटल की मैन्युफैक्चरिंग में 6.3 प्रतिशत, कोक और रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में 8.5 प्रतिशत और इलेक्ट्रिकल उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग में 21.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# भारत में गोल्ड ईटीएफ इनफ्लो फरवरी में 99 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (ए.)। भारत में निवेशकों की रुचि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में तेजी से बढ़ी है। फरवरी में नेट इनफ्लो में 1,979.84 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को दी गई। इससे पहले फरवरी 2024 में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 997.22 करोड़ रुपये था, जो कि सालाना आधार पर ईटीएफ इनफ्लो में 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी के दिखाता है।

वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण भारत में गोल्ड ईटीएफ में नेट इनफ्लो लगातार 10वें महीने सकारात्मक रहा है। गोल्ड की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण गोल्ड ईटीएफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट फरवरी के अंत में 55,677.25 करोड़ रुपये रहा है। गोल्ड ईटीएफ का एयूएम फरवरी 2024 में 28,529.88 करोड़ रुपये था, जो कि जनवरी 2025 में 51,839.39 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि गोल्ड ईटीएफ की बढ़ती मांग का कारण इक्विटी बाजारों में जारी गिरावट और वैश्विक अनिश्चितता है।

निवेशक गोल्ड जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसने ऐतिहासिक रूप से बाजार में गिरावट के दौरान स्थिरता प्रदान की है। फरवरी में भारत में गोल्ड की कीमतों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह अधिक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया। पूरे कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत में गोल्ड ईटीएफ ने 11,266.11 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध प्रवाह दर्ज किया था जो 2023 में 2,923.81 करोड़ रुपये से तीन गुना से ज्यादा अधिक है।



वैश्विक मोर्चे पर गोल्ड ईटीएफ में 2025 में लगातार दूसरे महीने मजबूत प्रवाह देखा गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, फरवरी में दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ में 9.4 बिलियन डॉलर का शुद्ध प्रवाह देखा गया, जो मार्च 2022 के बाद से सबसे अधिक मासिक वृद्धि है।

गोल्ड ईटीएफ की कुल होल्डिंग में 99.9 टन की वृद्धि हुई, जिससे फरवरी के अंत तक गोल्ड ईटीएफ का वैश्विक एयूएम रिकॉर्ड 306 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 87.01 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 87.03 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अनुकूल वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में भी खरीदारी का जोर रहा। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, दुनिया भर में शुल्क तनाव बढ़ने से विदेशी पूंजी का बहिर्गमन जारी रहा, लेकिन कमजोर अमेरिकी मुद्रा सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर ने स्थानीय इकाई को मजबूती दी।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर मजबूती से खुला और फिर शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.03 के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसा टूटकर 87.22 पर बंद हुआ था। मंगलवार को रुपये में 10 पैसे की मजबूती आई थी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.57 पर था।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 0.01 प्रतिशत टूटकर 70.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

